सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#CRACKDOWN

प्रेसनोट दिनांक 10.05.2026

- **लूट की घटना का सफल अनावरण।**
- **इटावा पुलिस द्वारा थाना लवेदी क्षेत्र में दिनांक 01.05.2026 को ऑटो लूट की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 ऑटो (लूटा हुआ) बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना लवेदी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/ गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी/छिनैती की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 09/10.05.2026 की रात्रि को थाना लवेदी पुलिस द्वारा ददौरा पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 01.05.2026 को थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत ऑटो की लूट कारित करने वाले अभियुक्त ऑटो को लेकर नवादा खुर्द की तरफ से आ रहे हैं, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो अभियुक्त ऑटो को लेकर भागने लगे जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर 01 अभियुक्त विनय कुमार चौहान उर्फ मनू को गिरफ्तार किया गया।

नोट- अभियुक्त का 01 साथी अँधेरे का फायदर उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लवेदी पर मु0अ0सं0 20/2026 धारा 109(1) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि दिनांक 01.05.2026 को थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत ऑटो की लूट मेरे व मेरे साथी द्वारा की गयी थी तथा अवैध असलहा अपराध कारित करने के उद्देश्य से अपने पास रखते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. विनय सिंह चौहान उर्फ मनू पुत्र उपेन्द्र चौहान निवासी नवादा खुर्द कला थाना लवेदी जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 17/2026 धारा 309(4)/317(2)/3(5)/109(1) बीएनएस थाना लवेदी जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 20/2026 धारा 109(1) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना लवेदी जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 तमन्चा 315 बोर
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 आटो **(लूटा हुआ) UP75BT6241**

पुलिस टीम- प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा थाना लवेदी, उ0नि0 जितेन्द्र चौधरी, हे0का0 अमित यादव, का0 अर्पित कुमार, का0 हेमन्त कुमार, चालक हे0का0 मुकेश कुमार।